## खास-खबरें

### राज्यमंत्री ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

### जिला जेल उमरिया में विधिक सहायता शिविर संपन्न

**उमरिया।** जिला जेल उमरिया में न्यायाधीश/सचिव मोहन डावर द्वारा जेल का निरीक्षण/अवलोकन किया गया साथ ही विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश/सचिव मोहन डावर द्वारा बंदियों को विधिक अधिकार तथा उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गयी तथा बंदियों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी गयी । इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित, उप जेल अधीक्षक श्री माखन सिंह मार्को भी उपस्थित रहे। शिविर का आयोजन कुसलतापूर्वक किया गया तथा प्रमुख मुख्य प्रहरी तथा जेल में ड्यूटीरत समस्त अधिकारी/ कर्मचारी निरीक्षण/शिबिर के समय उपस्थित रहे।

### 20 मई से पुनः प्रारंभ होगा 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान

**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत के निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टी.बी. मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान 7 दिसंबर से 24 मार्च तक चलाया गया था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के निर्देशानुसार इस अभियान को निरंतर रखने के लिए 20 मई से सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जायेगा। नोडल अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ ने बताया कि अभियान के दौरान कमजोर व उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, बिना लक्षण वाले मरीजों के एक्स-रे एवं संभावित लक्षण वाले मरीजों की नॉट टेस्टिंग कर टी.बी. मरीजों की पहचान की जायेगी। जिसके बाद नियमित उपचार के साथ साथ निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्र, टी.बी. देखभाल एवं रोकथाम के उपाय किए जायेंगे।

### ग्राम कुदरी, धमोखर में शासकीय जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**उमरिया।** मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम कुदरी में ग्राम पंचायत कुदरी हेतु प्रस्तावित शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम व्दारा हटाया गया तथा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराकर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव को सौंपा गया । उक्त भूमि पर परसोत्म , सरसोत्म चौधरी व्दारा अतिक्रमण किया गया था। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मानपुर टी आर नाग, तहसीलदार मानपुर सतीश सोनी, नायब तहसीलदार रामलाल पनिका सहित , खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी , पुलिस बल उपस्थित रहा। इसी तरह ग्राम धमोखर में बाघटोला रिसोर्ट द्वारा शासकीय आराजी खसरा नंबर2 52 के0.202 हेक्टयर पर तार से फेसिंग कर अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाने की कार्यवाही की गई तथा अतिक्रमण मुक्त जमीन को ग्राम पंचायत को सौपा गया। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मानपुर टी आर नाग ,नायब तहसीलदार बरबसपुर एवं नायब तहसीलदार इंदवार, पटवारी उपस्थित रहे।

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी करेगी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की जांच

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच समिति की गठन किया है। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग तथा जिला कोषालय अधिकारी को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 16 मई को ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किये गये निरीक्षण में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के स्वीकृत कार्यों में नाला ट्रेंचिंग, नाला/स्टाप डैम की मिट्टी हटाना, गहरीकरण करना, तालाब का गहरीकरण, खोदाई कार्य में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाई गई थी। कलेक्टर ने जांच समिति को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों का भौतिक, वित्तीय एवं तकनीकी मापदण्डों पर निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन मय साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

## सतना और मैहर जिले की सिंचाई और जल परियोजनाओं की समीक्षा

# बारिश से पहले नहरों का कार्य तेजी के साथ पूर्ण करें: सांसद

सतना

**सांसद गणेश सिंह ने कहा कि आगामी बरसात से पहले सिंचाई परियोजनाओं की नहरों और जल जीवन मिशन के पाइप लेइंग का कार्य तेजी से करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सिंचाई संबंधी कार्यों में मुख्य नहर का काम प्राथमिकता से करें। नहरों के निर्माण में भू-अर्जन की जो भी बाधायें है।**

उन्हें टीएल की बैठक में कलेक्टर के ध्यान में लाकर विभागों के समन्वय से तत्काल निराकृत करें। सर्किट हाउस सतना में बाण सागर नहर परियोजना, जल जीवन मिशन और भू-अर्जन, बरगी नहर परियोजना के अधिकारियों की बैठक लेकर सांसद श्री सिंह ने सिंचाई और जल परियोजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा



बागरी, विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम मैहर विकास सिंह, भू-अर्जन अधिकारी सुधीर बेक, कार्यपालन यंत्री नागौद बरगी नहर अजय सिंह, जागृह भगत, जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक विवेक कुमार, कार्यपालन यंत्री पीएचई डीएन कनेल, कार्यपालन यंत्री बाणसागर आरएस नट, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन राकेश कुमार वर्मा सहित कार्यकारी एजेंसियों से संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित थे।

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि सतना जिले में नागौद, सतना शाखा नहर, आरडी 33.30 से 131.40 कि.मी. वितरण प्रणाली सहित रीवा शाखा नहर की आंशिक लम्बाई 60 कि.मी. वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इसमें सतना जिले के 99 हजार 194 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई के लिए पानी दिया जाना प्रस्तावित है। बरगी व्यपवर्तन परियोजना में आरडी 104 कि.मी. से 116 कि.मी. स्लीमनाबाद टनल का कार्य कटनी जिले में चल रहा है। जिसकी कुल लम्बाई 11.95 कि.मी. है।

अब तक 10.85 कि.मी. टनल का निर्माण हो चुका है और 1100 मीटर टनल का कार्य किया जाना शेष है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि स्लीमनाबाद में नहर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और नर्मदा का पानी टनल के इस पार अक्टूबर-नवम्बर माह तक आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके पहले सतना जिले की शेष नहरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में सिंहपुर बांध, भैंसवार बांध सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सिंहपुर बांध एक्वाडट से पानी सिपेज का रोकने 9 लाख रूपये की कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है।

## विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर जिला अस्पताल में जन जागरूकता कार्यक्रम

खण्डवा

**विश्व हाइपरटेंशन दिवस के अवसर पर 17 मई को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम, जागरूकता रैली ,पोस्टर, रंगोली,एवं स्वास्थ शिविर का आयोजन सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल के मार्गदर्शन में किया गया।**

जिसमें मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले द्वारा बताया कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को हाइपरटेंशन बीमारी के प्रति जागरूक करना है। हाई बी.पी. आजकल आम समस्या हो गई है द्य यह किसी भी उम्र में हो सकता है। इससे बचने के लिए लाइफ स्टाइल में ध्यान देने के अलावा तनाव को भी कम करना है द्य शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज भी बहुत जरूरी है द्य डॉ. रोहन देशमुख द्वारा नमक, तेल, पापड़, नमकीन, समोसा, कचोरी, चिप्स, कोल्डड्रिंक एवं तली हुई चीजें कम खाने के लिए निर्देशित किया, ताकि ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहे एवं प्रतिदिन 30 मिनट तक घूमने की सलाह दी। यदि ब्लड प्रेशर 140 से अधिक है तो डॉ. की सलाह अनुसार नियमित रूप से गोली खाने हेतु कहा गया द्य डॉ. विशाल श्रीवास्तव एन.सी.डी. नोडल अधिकारी एवं डॉ. देशमुख द्वारा कुल 250 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां दी गई द्य सभी की ब्लड प्रेशर की जांच की गई, उसमें हाइपरटेंशन के 32 पुरुष और 30 महिलाएं पाई गई द्य सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल द्वारा शिविर में आए सभी हितग्राहियों को बताया गया कि हाई बीपी या उच्च रक्तचाप दिवस मनाने का उद्देश्य हमें लोगों को हाई बीपी के प्रति जागरूक करना है। विश्व रक्तचाप दिवस के उपलक्ष में एक माह तक अभियान चलेगा 17 मई से 16 जून तक जिला स्तर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर शिविरों के माध्यम से 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की जाएगी द्य इस वर्ष विश्व रक्तचाप दिवस की थीम अपने रक्तचाप की जांच करवाएं।

## जिले में शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए लगेंगे शिविर

अनुपपुर

**जिले में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों की समस्या के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सेवा पुस्तिका का 02 प्रतियों में नस्ती सहित संधारण किया जाएगा।**

जिसमें नामिनी दर्ज कराने एवं संयुक्त फोटो सेवा पुस्तिका में लगाने, परिवार सूची अद्यतन करने तथा नियुक्ति क्रमोन्नति, पदोन्नति, योग्यता, समयमान वेतनमान, आधार कार्ड, पैनकार्ड, समग्र आई.डी. अद्यतन करने की कार्यवाही की जाएगी एवं चिकित्सा अवकाश, संतान पालन अवकाश, अर्जित अवकाश आदि का लेखा संधारण किया जाएगा। शिविर के दौरान क्रमोन्नति वेतनमान, समयमान वेतनमान, वेतनवृद्धि, वेतन निर्धारण, वसूली निर्धारण से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण किया जाएगा। साथ ही पेंशनरों व अन्य के लंबित प्रकरणों से संबंधित अभ्यावेदनों का निराकरण तथा 31 मार्च 2025 की स्थिति में समस्त लोक सेवकों का गोपनीय चरित्रावली का संधारण किया जाएगा। 18 मई को विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। 19 मई को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में विद्यालय स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार 20, 21 एवं 22 मई को विद्यालय स्तर पर लंबित समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। 23 मई से 27 मई तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अनूपपुर में प्राप्त आवेदनों/समस्याओं के निराकरण हेतु अंतिम शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों के लिए आयोजित हुआ विशेष ध्यान शिविर

खरगोन।

शुभ योगा फैमिली इंटरनेशनल योगा स्कूल द्वारा 17 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस ध्यान शिविर में सायको योग शिक्षक श्री शुभम पाटीदार द्वारा अधिकारी कर्मचारियों को 'राज योग' करवाया गया। उन्होंने सभी को जीवन में खुशहाल रहने के तीन मंत्र स्माइल, ग्रैटिट्यूड (आभार) और एप्रिशिएशन (सराहना) के महत्व को समझाया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से ध्यान प्रक्रिया में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

## उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा की

नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

रीवा

**उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए तथा आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी का लोकार्पण कराएं।**

राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यंकट क्लब भवन तथा पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया।

कोल भवन के शेष निर्माण कार्य सहित बाउन्ड्रीवाल का कार्य कराने तथा पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दिसम्बर तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करें। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने रीवा बायपास फोरलेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय सीमा में पूर्ण हो जाए। उन्होंने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, राजेश पाण्डेय सहित विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नरसिंहपुर में निकाली गई विशाल पैदल तिरंगा यात्रा

नरसिंहपुर।

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए शनिवार को नरसिंहपुर नगर में विशाल पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में हजारों की तादाद में जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, खिलाड़ी, तिरंगा दल, युवा वर्ग, मातृशक्ति, नागरिक, बुजुर्ग और सभी धर्मो के धर्मगुरु इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया।**

इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व राज्य सभा सांसद श्री कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटैल, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर श्री नीरज दुबे, रामसनेही पाठक, पूर्व सैनिक श्री लालसाहब जाट, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी, श्री सुनील कोठारी, श्री नीलकमल जैन, श्री देवेन्द्र पाठक, श्री मनीष ठाकुर, श्री बन्ने खॉ, अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**उत्साह व उमंग के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा :** नगर के सुभाष पार्क चौराहे से पैदल तिरंगा यात्रा शुरु हुई। यह तिरंगा यात्रा सुभाष पार्क से इतवारा बाजार, अष्टांग तिगड्डा, सांकल तिराहा, सुनका चौराहा, राम मंदिर, मेन रोड सिंहपुर चौराहा, हरेराम धर्मशाला के सामने से होते हुए वापस सुभाष पार्क में समाप्त हुई।

इस यात्रा में हजारों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथो में तिरंगा थामे हिंदुस्तान जिंदाबाद,भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। साथ में देशभक्ति गीतों ने वातावरण में देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश को दुगुना कर दिया। ये विशाल तिरंगा यात्रा ऐसे ही वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है।

**जगह- जगह हुआ तिरंगा यात्रा का स्वागत :** नगर में निकाली गई इस विशाल तिरंगा यात्रा को देखने के लिए जहां नागरिकों का हुजूम उमड़ रहा था। उनके मन में देशभक्ति का प्रेम स्वतः आने पर इस यात्रा में शामिल हो रहे थे। वहीं दूसरी ओर नागरिकों ने फूल वर्षा करके, शीतल पेय और फल वितरित कर इस तिरंगा यात्रा का स्वागत किया।

**शौर्य स्मारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को किया नमन :** तिरंगा यात्रा के पूर्व सुभाष पार्क में स्थित शौर्य स्मारक में पुष्पचक्र और पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजगुरु, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल को फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी।

**पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान :** तिरंगा यात्रा के पश्चात सुभाष पार्क में पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटैल, पूर्व राज्य सभा सांसद श्री कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल, नगरपालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे व उपाध्यक्ष अजीत जाट, गोटेगांव नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम जितेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक और अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने पूर्व सैनिकों को फूलमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### जिला न्यायालय बड़वानी में स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता शिविर

**बडवानी ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री महेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में विशेष न्यायाधीश श्री मोहम्मद रईस खॉन विशेष न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बड़वानी एवं स्वास्थ्य विभाग बड़वानी के संयुक्त तात्वाधान में 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर ए.डी.आर भवन के कान्फ्रेस हॉल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के अवसर सचिव श्री अमूल मण्डलोई ने बताया कि आज कल युवाओ को समय से पहले अचानक हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, माईग्रेन की समस्या आ रही है । आमजन अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे । समय-समय पर अपना बी.पी., शुगर, कोलेस्ट्रोल अन्य चेक करवाये। यह समय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का समय है व नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लॉभ लेते रहे ।

## सीईओ जिला पंचायत लोधा में आयोजित 'पानी चौपाल' कार्यकम में शामिल हुए



मंडला

**सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट जनपद पंचायत घुघरी अंतर्गत ग्राम लोधा में शनिवार को जल संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर केंद्रित 'पानी चौपाल' कार्यकम में शामिल हुए।**

उन्होंने जल बचाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया, जिसमें डकवेल रिचार्ज और अन्य पारंपरिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब और परकोलेशन टैंक के माध्यम से वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर, बावड़ी जीर्णोद्धार और नए कूपों के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी, क्षेत्रीय उपयंत्री सहित संबंधित सचिव, जीआरएस उपस्थित थे।

**स्पेशल खबर** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान तथा पंच सरपंच सम्मेलन में हुए शामिल

# सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर तथा स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है : पटेल

सीधी

**जल गंगा संवर्धन अभियान तथा पंच सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।**

सभी ग्राम पंचायतें अपने विकास की योजना बनाएं उन्हें पूरा करने सरकार उनके साथ खड़ी है। सरकार द्वारा राज्य वित्त, 15वें वित्त सहित अन्य स्त्रोतो से पंचायतों को विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने के लिए अपने आय के संसाधन भी बनाने होंगे।

पंचायत मंत्री ने कहा कि पंचायतों को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। सरपंचों को 25 लाख रूपये तक वित्तीय अधिकार दिये गये हैं। इसी प्रकार अधोसंरचना विकास के लिए भी पंचायतों को धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। क्लस्टर स्तरीय पंचायतों में 45.50 लाख रूपये तथा अन्य पंचायतो में 37.50 लाख रूपये से पंचायत भवन बनाये जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों में क्रमबद्ध तरीके से



सामुदायिक भवन बनाये जायेगे। पंचायतों के प्रतिनिधियों को अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यो के प्रति भी सजग रहना होगा। जन हितैषी योजनाओं का लाभ लोगों को सहजता से दिलाना होगा। पंचायतों के विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को आगे आना होगा। पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा प्रदेश नदियों का मायका है। प्रकृति की इस देन को अपनी भावी पीढ़ी के लिए सहेजना हमारी जिम्मेदारी है। पंचायत मंत्री ने कहा कि बड़ी नदियों का अस्तित्व उनमे मिलने वाली छोटी नदियों से ही है। हमें अपनी छोटी नदियों के स्त्रोंतो को बचाने में ध्यान देना होगा। नदियों के उद्गम स्थल को जीवन्त बनाएं। नदियों के किनारे पौधे लगाएं तथा वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा करें। पंचायत मंत्री ने इस अभियान की सफलता के लिए शासन और प्रशासन को मिलकर बेहतर गति से कार्य करने के लिए कहा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हम सभी के जीवन से जुड़ा अभियान है। अपने जल स्त्रोंतो को बचाने हम सभी को आगे आना होगा। जिन गांवो में नदियों के उद्गम स्थल हैं उसे संरक्षित करने का कार्य करें। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।